तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 जुलाई 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



11 रामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए तीर्थयात्री





12 सिरपुर शाला परिसर में हुआ एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम




## खबर संक्षेप

### पानी में डूबने से युवक की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली के कुटेला तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मुकेश दास पिता कारादास (28 साल) का शव कुटेला तालाब में पाया गया। मामले की सूचना पर सरायपाली पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

### दवाई दुकान संचालक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नगर के शास्त्री चौक में संचालित मेडिकल स्टोर्स के संचालक के साथ मारपीट किए जाने की घटना हुई है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट पर आरोपी शख्स के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस को नागेंद्र भूषण नशीने पिता हरिराम नशीने (41 वर्ष) निवासी वार्ड नं 28 मौहारी भाठा महासमुंद ने बताया कि बीटीआई रोड शास्त्री चौक में स्थित श्री सांई मेडिकल का संचालक हूं। 1 जुलाई को अपने मेडिकल स्टोर्स में था। रात करीब 8.30 बजे मौहारी भाठा निवासी सितेश साहू पिता रामराज साहू मेरे मेडिकल स्टोर्स के सामने से गुजर रहा था, तब मैने उससे अपना पैसा वापस मांगा। मेरे द्वारा पैसे मांगने पर आरोपी सितेश साहू गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मुझसे मारपीट करने लगा। मारपीट से मेरे बायें आंख के नीचे और बायें हाथ में चोटें आई है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(2), 115(2) भा न्या सं 2023 के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला से दुष्कर्म

**महासमुंद।** खल्लारी थाना क्षेत्र के एक गांव से दुष्कर्म की खबर सामने आई है। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया की 25 जून को दोपहर करीब 1 बजे आरोपी राजू गोंड़ ने प्रार्थिया के घर में घुस कर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 376, 452 के तहत अपराध कायम किया है।

### समिति की बैठक आज

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी बोलबम सेवा समिति का आवश्यक बैठक गुरुवार 4 जुलाई 2024 को,बम्हनेश्वर नाथ महादेव मंदिर शाम 3:30 बजे रखा गया है। जिसमे सभी भक्तों से निवेदन किया गया है कि समय पर पहुंचकर सावन मास तैयारी को लेकर अवश्यक चर्चा कर सके। उक्त जानकारी बोलबम सेवा समिति के सदस्य खिलावन यादव के द्वारा दिया गया है।

### 149.5 मिमी औसत वर्षा

**महासमुंद।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून 2024 से अब तक 149.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 220.4 मिली, बसना में 177.6, सरायपाली में 157.6, बागबाहरा में 133.2, पिथौरा में 130.0 और सबसे कम वर्षा 78.3 मिली कोमाखान तहसील में दर्ज की गई।

## हिंदू को कहा हिंसक, समाज ने फूंका पुतला







**महासमुंद।** हिंदू समाज को हिंसक कहे जाने पर बुधवार को कांग्रेस भवन के सामने बजरंग दल ने लोकसभा सांसद व नेता प्रतिपक्षा राहुल गांधी का विरोध जताते हुए पुतला फूंका। इस दौरान पहले बजरंग दल और हिंदूवादी संगठनों ने जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन के दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा, राजीव लोचन महाराज, धर्मेंद्र महोबिया, हर्ष चंद्राकर, दानेश्वर सिन्हा, विजय महतो, धनेंद्र चंद्राकर, हर्ष गुप्ता, जय तंबोली, राहुल गुप्ता, जयंत यादव, नरेश नायक, अतीत तिवारी, कान्हा प्रधान, निहाल, सुमन सेंद्रे, डीजे साहू, राकेश साहू, हिरेंद्र सोनी, देवेंद्र दुबे, हिमांशु तिवारी, हेमंत, दुर्गेश साहनी, जीवन साहू, उमेश साहू, लोकेश साहू, वेद नारायण साहू, लोकेश साहू, दुर्गेश साहू, भुनेश्वर कुमार, गुड्डा सिंहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विडंबना: गुणवत्ता और सुविधाओं को लेकर खड़े हो रहे सवाल

## स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों के निर्माण में लापरवाही, सुविधाओं का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने अलग-अलग वार्डों में चार स्वास्थ्य सुविधा केंद्र निर्माणाधीन हैं। पहले इन स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण कार्य की कछुआ गति को लेकर तमाम शिकायतें सामने आई, अब निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सुविधाओं को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायत मिलने पर अब विभाग के आला अधिकारी इस पर कार्रवाई की बात कर रहे हैं।

बता दें कि जिलों के मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों में मरीजों के बढ़ते दबाव को देखते हुए पूर्व की सरकार ने एक वर्ष पूर्व प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में 158 स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र को स्वीकृति प्रदान की थी। इनमें महासमुंद शहरी क्षेत्र में चार केंद्र पिटियाझर, मौहारीभांठा, नया रावणभांठा और गुडरूपारा का चयन हुआ। इन चारों वेलनेस सेंटर के लिए शासन ने प्रति वेलनेस सेंटर 22 लाख 26 हजार रुपए की स्वीकृति दी और निर्माण एजेंसी छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर को बनाया है। जिसके लिए 10 जनवरी 23 को कार्यादेश जारी हुआ। चारों का निर्माण कार्य एक वर्ष में पूरा कर लेना था, पर कार्य एजेंसी की लापरवाही के कारण कार्य अवधि समाप्त होने के 6 माह बाद भी स्वास्थ्य विभाग को वेलनेस सेंटर हैंड ओवर नहीं हो पाया है। इधर, कार्यालय चिकित्सा अधिकारी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा के चिकित्सा अधिकारी ने वेलनेस सेंटर का निरीक्षण कर 18 मई को खंड चिकित्सा अधिकारी से लिखित में शिकायत की है कि वेलनेस सेंटर की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है।



- शहरी क्षेत्रों में 158 स्वास्थ्य सुविधा केंद्र को स्वीकृति

### होगा सुधार

वेलनेस सेंटर के निरीक्षण में कुछ कमियां पायी गई थी, जिसे दूर किया जा रहा है और वैसे भी तीन साल तक मेनटेनेंस करना है, जो कमी पाई जाएगी उसे सुधार कर लिया जाएगा।

**-लेखराम ठाकुर**
जूनियर इंजीनियर, सीजीएसएससी

### होगी कार्रवाई

स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों के भवन निर्माण में लापरवाही और वहाँ सुविधाओं में कमी के संबंध में सीजीएमएससी के प्रतिनिधियों से संपर्क कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है। निर्माण कार्य में जो भी कमी है उसे पूरा करने की बात उन्होंने कही है। मामले से शीघ्र ही उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**-डॉ. पी कुदेशिया**
मुख्य चिकित्सा अधिकारी-महासमुंद

### निरीक्षण में मिली कई खामियां

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा के चिकित्सा अधिकारी ने कहा है कि 9 मई 2024 को निर्माणाधीन पिटियाझर, गुडरूपारा और मौहारीभांठा के भवन का निरीक्षण किया गया। भवन को देखने पर कमरे छोटे लगे, मरीजों के लिए वहां वेटिंग हॉल नहीं है व पार्किंग की सुविधा और ड्यूटी रूम भी नहीं है ना ही आवास व्यवस्था है। जिससे वहां प्रसव व आपातकालीन मरीजों का इलाज करना सम्भव नहीं है। अस्पताल हेतु डीप-पीट और शार्प-पीट और बाउंड्रीवाल नहीं है। दीवारों में दरारें और सीपेज आदि से अनेक त्रुटिपूर्ण कार्य परिलक्षित हो रहे हैं। भवन का निर्माण संतोषजनक नहीं है। भवन के कई कमरों में न दरवाजे हैं, ना ही वॉश बेसिन व न ही इलेक्ट्रिक बोर्ड की सुविधा। जो इलेक्ट्रिक बोर्ड और वायरिंग लगे हैं उनकी गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। गुडरूपारा का निमार्णाधीन भवन तालाब के किनारे स्थित है जो कि स्वास्थ्य केंद्र की दृष्टि से अनुपयुक्त है। बारिश के दिनों में तालाब में पानी अधिक भर जाने के साथ ही जलीय जीव-जंतु के आने का खतरा बना रहेगा जिससे जनधन की हानि हो सकती है। मौहारीभांठा के भवन के ऊपर से हाईटेंशन इलेक्ट्रिक तारें गई हैं जो कि स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण हेतु अनुपयुक्त स्थान है। हाईटेंशन तार से भविष्य में कोई अप्रिय घटना होने की संभावना बनी हुई है जिससे जनधन की हानि हो सकती है। पिटियाझर के भवन से लगी नाली गई है जिससे अस्पताल परिसर में बदबू फैलेगा व मच्छरों से बीमारी का खतरा रहेगा। ऐसा प्रतीत होता है कि भवन हेतु स्थल चुनाव और भवन निर्माण प्रक्रिया में लापरवाही हुई है।

## पालिका सीएमओ ने की शहर विकास कार्यों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

### पालिका में शाखा प्रमुखों की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार ने सोमवार को अपने कक्ष में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी विकास कार्यों पृथक-पृथक समीक्षा की। इसके साथ ही छोटी बड़ी नाली सहित अन्य नालों में बारिश में जलभराव की संभावित समस्या का समय रहते निराकरण करने के निर्देश दिए। राजस्व वसूली के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने एसएलआरएम सेंटरों की व्यवस्था और रखरखाव को बेहतर बनाने तथा वृहद रूप से वृक्षारोपण की तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। पीएम आवासों के बचे हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने कहा।

### काम में लापरवाही पर दिखाई सख्ती

मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार ने कहा है कि विगत माह पूर्व नगर पालिका के अलग अलग-अलग शाखा के कर्मचारियों को एक-एक वार्ड में सफाई, जलनिकासी और अन्य विकास कार्यों की स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देनी की व्यवस्था बनाई गई है। जिन कर्मियों द्वारा उक्त कार्य मे रूचि नहीं ले रहे, ऐसे कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब देने कहा गया हैं। समीक्षा बैठक में उपअभियंता दिलीप कश्यप, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, जल प्रभारी सीताराम चेलक, स्थापना प्रभारी करण यादव, दुर्गेश कुंजेकार, जितेंद्र महंती, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, समन्वयक नीतू प्रधान, लोकरंजन साहू मौजूद रहे।

## आवागमन में होती है परेशानी, सड़क चौड़ीकरण का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के ग्राम बरोंडा बाजार, परसट्टी एवं बम्हनी व चिंगरौद के ग्रामीणों को सड़क चौड़ीकरण का बरसों से इंतजार कर रहे है। बता दें कि महासमुंद के बरोड़ा चौक से ग्राम बम्हनी तक के मुख्य मार्ग के लिए विधायक निधि से विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने पहले बजट मे 1.65 करोड़ का बजट पास कराया गया। जिस पर निर्माण के संबंध में अब तक कोई पहल नहीं हुई है। इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिये कई बार सर्वे किया जा चुका है एवं ग्रामीणों को जो सड़क किनारे बसे है उनको बहुत पहले से नोटिस दिया गया है लेकिन, इसके बनने का बरसों से इंतजार कर रहे है।



### संकरे होने से परेशानी

ग्राम बरोंडा बाजार से लेकर बम्हनी, चिंगरौद तक का रास्ता एक लेन का बना हुआ। जिसके कारण जब भारी वाहनों का आवागमन होता है तो छोटे वाहनों को सड़क किनारे खाली मजबूरी में उतरना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया है कि बरसात के दिनों में सड़क किनारे कीचड़ होता है जिसके चलते बाइक चालक कई बार फिसलकर हादसे का शिकार हो जाते है एवं यह 5 से 6 गांव का जिला मुख्यालय आने का मुख्य मार्ग है।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082


### मांगलिक आयोजनों के लिए तैयारियां शुरू

## इस माह सात शुभ मुहूर्त, 9 से फिर बजेंगी शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वैवाहिक शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रहे लोगों के लिए जुलाई माह खुशियां लेकर आया है। इस माह 7 मुहूर्त हैं। इसके बाद देवशयनी एकादशी के बाद से वैवाहिक मुहूर्तों पर विराम लग जाएगा। गिने-चुने वैवाहिक मुहूर्त के चलते इस माह बड़ी संख्या में मांगलिक आयोजन होने की संभावना है।

बता दें कि विगत दो माह से वैवाहिक मुहूर्त न होने पर लोगों को बेसब्री से शुभ मुहूर्त का इंतजार था। जुलाई माह शुरू होते ही लोगों के बीच हर्ष का माहौल व्याप्त है। कारण यह कि इस माह लगातार मुहूर्त हैं। पंचांग व पंडितों के मुताबिक जुलाई में 9, 10, 11, 12, 13, 15 तारीख को शुभ वैवाहिक मुहूर्त हैं। जिसके चलते जिन्हें शुभ मुहूर्त का इंतजार था, उन्होंने मांगलिक आयोजनों के लिए तैयारियां शुरू कर दी है।

इधर, जुलाई माह में पड़ने वाले वैवाहिक मुहूर्त को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है। जिनके यहां मांगलिक आयोजन होना है। उन्होंने पूर्व से ही सार्वजनिक भवन आरक्षित करा लिए हैं।

इसके साथ ही व्यापक तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस माह बड़ी संख्या में वैवाहिक आयोजन होने की संभावना जताई जा रही है। वैवाहिक आयोजनों से जुड़े तमाम व्यवसाथियों को भी व्यस्तता लगातार बने रहने की संभावना है।

### बाजार में बढ़ी रौनक

वैवाहिक मुहूर्त के चलते बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा इन दिनों चहल-पहल बढ़ गई है। लोग वैवाहिक आयोजन से संबंधित खरीददारी करने बाजार पहुंच रहे हैं। साथ ही वैवाहिक आयोजनों से संबंधित व्यवसायियों को भी व्यवसाय बढ़ने की संभावना है। बाजार में कपड़ा, ज्वेलरी, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित अन्य दुकानों में बेहतर ग्राहकी देखी जा रही है।

### नवंबर में अगला मुहूर्त

बरोंडा चौक दुर्गा मंदिर के पुजारी हेमंत त्रिवेदी ने बताया कि देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह के साथ ही मांगलिक आयोजन के लिए मुहूर्त की शुरूआत होती है। 13 नवंबर को देवउठनी एकादशी है, इसके बाद वैवाहिक मुहूर्त शुरू हो रहे हैं। नवंबर माह में 22, 23 और 27 तारीख और दिसंबर माह में 4, 6, 7, 12 और 14 को विवाह के मुहूर्त है।

### 15 के बाद लगेगा ब्रेक

श्री त्रिवेदी ने बताया कि जुलाई माह का मुहूर्त 15 जुलाई तक रहेगा। बाद आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष की 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। देवशयनी एकादशी में भगवान श्री विष्णु चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं। इन चार माह में कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होता।




**खबर संक्षेप**

## झाड़ी में मिला नवजात का शव, जांच के बाद जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। झाड़ी में मिले नवजात शिशु के शव के मामले में सिटी कोतवाली थाने में पीएम रिपोर्ट आने के बाद अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर पुलिस ने जांच विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 9 नयापारा महासमुंद में 10 जनवरी 2024 को झाड़ी के पास एक मानव शिशु (नर भ्रूण) का शव होने की सूचना मिली थी। इसके बाद महासमुंद थाने मर्ग कायम कर जांच शुरू करते हुए अज्ञात नवजात शिशु (भ्रूण) के शव का विधिवत पंचनामा कार्रवाई कर डॉ भीमराव अंबेडकर अस्पताल रायपुर से पीएम कराया गया। पुलिस ने बताया कि मर्ग जांच में पाया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मानव शिशु (नरभ्रूण) की मृत्यु उसके जन्म से पूर्व या पश्चात या जन्म के दौरान में हुई हो, ऐसे शिशु के जन्म एवं मृत्यु को छुपाने के उद्देश्य से उसके शव को नयापारा खुला मैदान झाड़ी में लावारिस स्थान पर फेंका गया होगा। अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318 भादवि के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# एसडीएम दफ्तर में भाजपाइयों ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने बीते बुधवार की तरह इस बार भी सुबह 11 बजे से 12 बजे तक एसडीएम कार्यालय परिसर में लोगों से भेंट की। इस दौरान उन्होनें ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी। विगत कई बुधवार लोगों से भेंट कर पता चलता है कि राजस्व विभाग और अन्य विभागों में कई केस पेंडिंग पड़े है। एसडीएम कार्यालय में एक दिन में लगभग 15-20 प्रकरण आता है। परंतु, इतने बड़े कार्यालय और इतने बड़े अमले में 20 से 25 कर्मचारियों के होते हुए भी सही समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाता। जिससे पता चलता है कि कर्मचारियों का अपने कार्य के प्रति उदासीनता है। इतने दिनों में लोगों से मिलकर पता चला है कि लोगों के प्रकरणों का पटवारी, आरआई द्वारा जांच के पश्चात सही होने पर भी आवेदन खारिज कर दिया जाता है। 3-4 साल घुमाने के बाद आवेदन सही होते हुए भी आवेदन गलत है कहकर निरस्त कर दिया जाता है। लोग कई सालों से भटक रहे है और इन समस्याओं से पीड़ित हैं। किसानों को अपने कागजातों के ना होने से बीज, खाद नहीं मिल पा रहा है। लोगों का लाखों का नुकसान हो रहा है। चोपड़ा ने अफसरों से निवेदन किया है कि पीड़ित लोगों की सही समस्याओं को सुने और उनके प्रकरणों का जितना जल्दी हो सके निराकरण करें। लगातार लोगों से भेंट करने के परिणाम स्वरूप लोगों में एक आस जगी है। लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं डॉ चोपड़ा के समक्ष प्रस्तुत किए, जिसमें संतराम चक्रधारी बरोंडाबाज़ार, रोहित मारकंडे बरोंडाबाज़ार, विजय सिंह रावणभाठा, धनेश कुमार साहू लाफिन खुर्द, भास्कर निषाद महासमुंद, गोविंद सिंह ठाकुर मुढ़ेना, अंजोर सिंह ध्रुव कुरुभाठा की समस्याएं सुनने के पश्चात डॉ चोपड़ा ने एसडीएम और तहसीलदार से मिलकर चर्चा की और लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने को कहा।

डॉ चोपड़ा ने कहा कि 7 दिन के बाद अगले बुधवार को समस्याओं की समीक्षा की जायगी। हर बुधवार को डॉ चोपड़ा और अन्य साथियों द्वारा जो राजस्व विभाग या अन्य विभाग की समस्याओं से पीड़ित लोग है उनसे भेंट कर उनकी समस्याओं का सुलह किया जाएगा। भेंट के दौरान पार्षद देवीचंद राठी, छन्नू साहू, हनीश बग्गा, मेघराज चंद्रसेन, जितेंद्र साहू, सुरेंद्र यादव उपस्थित रहे।

# प्लास्टिक बैग पर्यावरण के साथ दुनिया के लिए खतरा, इसका न करें उपयोग : राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री दिवस

- नागरिकों में जागरूकता लाने नपाध्यक्ष ने सब्जी बाजार में किया जुट बैग का वितरण



पर नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों ने शहर के बिन्नी बाई सब्जी बाजार पहुंच ग्राहकों को जूट के बैग वितरित कर नागरिकों से पालीथिन बैग का उपयोग न करने की अपील की। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा कि बिगड़ता पर्यावरण दुनिया के लिए खतरा बनता जा रहा है। प्लास्टिक के बैग्स डीकंपोज होने में सैकडों सालों का समय लगता है। जिसके कारण ये पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बनकर सामने आए हैं। आज से अभी से हमको प्लास्टिक का उपयोग करना बंद करना होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण पर सिंगल यूज प्लास्टिक बैग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनियाभर में व्यक्तियों, समुदायों और व्यवसायों को कार्रवाई करने और प्लास्टिक बैग पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए एक रिमाइंडर के तौर पर काम करता है। प्लास्टिक की थैलियां प्रदूषण फैलाती हैं, वन्य जीवन को नुकसान पहुंचाती हैं और समय पर डिकम्पोज होने से इको सिस्टम को बड़ा नुकसान होता है। इस दौरान उप अभियंता दिलीप कश्यप, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप चंद्राकर, जल प्रभारी सीताराम तेलक, यशवंत ठाकुर, उमेश साहू, स्वच्छ भारत मिशन के नीतू प्रधान, नौशाद बक्श, रमा महानंद, आदि शामिल रहें।



## मितान योजना के तहत हितग्राहियों के घर पहुंच नपाध्यक्ष राशि ने दिया प्रमाण पत्र

**महासमुंद**। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शुरू की गई मितान योजना को वर्तमान की भाजपा सरकार ने भी जारी रखा है। योजना के तहत शहर के नागरिकों द्वारा किए गए आवेदन पश्चात शासन की ओर से जारी विवाह, जन्म, निवास, मृत्यु जैसे आदि प्रमाण पत्रों को मितान हितग्राहियों को घर पहुंचा कर दे रहे हैं। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने योजना के तहत आवेदन करने वाले आवेदकों को जारी प्रमाण पत्रों को मितानों के साथ उनके घर पहुंचकर वितरित किया। इसके लिए हितग्राहियों ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई योजना की प्रशंसा की और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग का आभार व्यक्त किया। प्रमाण पत्र पाकर हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे। इस पर हितग्राहियों ने कहा कि भूपेश शासन में शुरू की गई यह योजना न सिर्फ प्रशंसानीय बल्कि इससे उनको अब प्रमाण पत्र के लिए लोक सेवा केंद्रों के चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है। उन्हें आवेदन करने के बाद ही तय तिथि में घर पर प्रमाण पत्र मिल जा रहा है। वितरण के दौरान उनके साथ पूर्व पार्षद यशोदा ध्रुव, माया पांडेय, आरती महंती, समीक्षा महंती, नपाध्यक्ष सहयोगी नीरज परोहा और युवा नेता अरिश अनवर व अन्य मौजूद रहें।

# शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुईं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



विधानसभा क्षेत्र के बड़े साजापाली के शासकीय हाईस्कूल में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी श्रीमती कोसरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं को अपने इस विद्यार्थी जीवन में ही अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उस लक्ष्य के प्राप्ति के लिए लगन, मेहनत और कठोर परिश्रम के लिए कृत संकल्पित रहना चाहिए तथा सभी विद्यार्थियों को आज ही अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा गया। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग व्यायाम बहुत जरूरी हैं। योग करने से एक और जहां मन को सुकून मिलता है। दूसरी ओर एकाग्रता का विकास होता है, जो हमारे अध्यापन कार्य में बहुत सहायक सिद्ध होते है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ संतुलित रखने में मदद करता है, इसलिए विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ एवं स्वच्छ रहने के लिए आसन, प्राणायाम के साथ ध्यान करने पर जोर दिया है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ संतुलित रखने में मदद करता है। योग करने से हमारे शरीर में ताजगी एवं स्फूर्ति आती है। योग करने से हमारे मन को एकाग्रता मिलती है। विद्यार्थी जीवन में तो योग बड़ा महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन में छात्रों को योग अपनाकर शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। हमारा देश युवा देश है और हमारे देश में 65 प्रतिशत युवा रहते है, जो हमारे देश के भविष्य है। स्कूल के शिक्षकों से विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ विद्या ग्रहण करने पर बल दिया है। सप्ताह में एक दिन नैतिक शिक्षा के विषय पर उद्बोधन या कार्यशाला करने के लिए निवेदन किया है।

श्रीमती कोसरिया ने आगे बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम देश व्यापी अभियान के तहत अपने माँ के नाम से एक पेड़ लगाने का आव्हान किया है। उसी तारतम्य में शासकीय हाई स्कूल बड़े साजापाली में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के पश्चात शाला परिसर में भंवरपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के साथ वृहद पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच प्रतिनिधि पंकज साहू, जनपद सदस्य ताराचंद साहू, उपसरपंच क्षेमकुमार साहू, श्रीराम साहू, हेमलाल कोसरिया, महक अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, रतन बंजारे, झनकराम चौधरी, डेविड चौधरी, केशव साहू, लखेसिंग बाघ, किशन जायसवाल, ईश्वर जांगड़े, प्रकाश सिदार, प्राचार्य यूएस पटेल के साथ सभी शिक्षकगण और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## दो लोगों ने युवक से मोबाइल और नकद रकम लूटा

**महासमुंद**। सरायपाली के नई मंडी गेट के सामने दो लोगों ने एक युवक से नगद रकम, मोबाइल को लूट लिया और फरार हो गए। मामले को लेकर युवक के पिता ने सरायपाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को मुड़पहार(केजुंवा) के टिकेलाल भोई पिता जगतराम भोई (44 साल) ने बताया कि 2 जुलाई को 8 बजे मैने अपने लड़के तुषार भोई को धान बीज लाने उसके दोस्त सुमीत सिदार पिता नरेश सिदार कृषि दुनिया सरायपाली भेजा था। जहां पर धान बीज की राशि जमा करने पश्चात कृषि दुनिया दुकान सरायपाली के दुकानदार के द्वारा एक पर्ची देकर मेरे लड़के तुषार को नई मंडी स्थित गोदाम जाने कहा। जब मेरा लड़का अपने साथी नरेश सिदार के साथ 8:30 बजे से 9 बजे के बीच नई मंडी स्थित गोदाम पहुंचा, तो वहां पर एक मोटर सायकल एम80 बजाज सीजी 06 1345 में दो व्यक्ति आए और जो मेरे बेटे व उसके दोस्त को हाथ दिखाकर रोके और बोले हमारी गाड़ी खराब हो गई है। साथ ही अपना नाम अमजद खान एवं गिरधारी भोय निवासी सरायपाली बताया। इसी दौरान अचानक वे लोग मेरे बेटे तुषार के पास रखे नगदी रकम 2100 रुपए एवं रेडमी नोट 8 मोबाईल को लूटकर मोटर सायकल एम80 बजाज सीजी 06 1345 में बैठकर भाग गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध धारा 309 (4) बीएनएस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# पेंशनरों की नियमित मासिक बैठक, ठगी से बचने दी गई सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेशनर्स एसोशिएशन छग तहसील शाखा महासमुंद की नियमित मासिक बैठक 01 जुलाई को निर्धारित स्थल गायत्री मंदिर परिसर बेमचा में हुई। इस बैठक के प्रारंभिक चरण में सरस्वती पूजन के पश्चात संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी अरूण तिवारी (पुलिस विभाग) के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मीडिया प्रभारी एवं सभा के सचांलक अश्वनी शर्मा ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उल्लेखनीय है कि स्व. तिवारी पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद के प्रमुख कार्यकर्ताओं में से एक थे, जिन्होंने संगठन के कार्य एवं विस्तार के प्रति समर्पित होकर कार्य कि। बैठक की अगली कड़ी में भगत साहू (गायत्री परिवार) ने सभी पेशनरों को वर्तमान की महत्वपूर्ण तिथियों को विस्तार से स्मरण कराते हुए अपील की, कि अपने परिवार के छोटे बच्चों को भारत देश की महत्वपूर्ण वीरांगनाओं तथा देशभक्तों के विषय में अवश्य बताएं तथा जीवन में काम आने वाले सुविचारों से अवगत कराएं। भगत के प्रेरक व्याख्यान के पश्चात संगठन के नये सदस्यों क्रमशः संतोष कुमार साहू शिक्षा विभाग, चोवाराम साहू-वन विभाग, रामबाई-जल संसाधन विभाग, बिरीज बाई-जल संसाधन विभाग का गुलाल लगाकर, फल भेंटकर गोवर्धन साहू ग्रामीण उपाध्यक्ष के नेतृत्व में चमन साहू, संगठन मंत्री, विनोद जो शी - को षा ध्य क्ष , राधेश्याम दुबे- सहसचिव, पुरषोत्तम शर्मा, शिवकुमार साहू- सचिव, भूषण भोसले-संगठन मंत्री ने स्वागत किया। उपस्थित सभी पेंशनरों ने जोरदार तालियों से सभी का स्वागत किया। नये सदस्यों ने अपना परिचय दिया। इसके उपरांत भारतीय स्टेट बैक महासमुंद के चीफ मैनेजर प्रवीण जैन एवं राजन कुमार (इनवेस्ट प्रमुख) ने सभी पेंशनरों को सचेत करते हुए कहा कि अपने बचत खाते के विषय ने किसी भी प्रकार की जानकारी ओटीपी, मोबाईल नंबर, खाता नंबर किसी भी अनजान व्यक्ति को शेयर न करें, बैक आपसे कभी भी ऐसी जानकारी नहीं मांगता, किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्काल बैक की शाखा में आकर सूचित करें तथा हेल्पलाइन नंबर 18001234 पर खाता को ब्लाक करवा लें, बैंक के अधिकरियों ने पेंशनरों के सभी प्रश्नों का समाधान करते हुए भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। सचिव शिवकुमार साहू ने बैंक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। पुरूषोत्तम शर्मा ने आध्यात्मिक चर्चा के दौरान आगामी रथयात्रा के परिप्रेक्ष्य में जगन्नाथ भगवान के संबंध मे सारगर्भित जानकारी दी। तदुपरांत माह जुलाई में जन्मदिन वाले पेंशनर जो आज उपस्थित रहे है क्रमशः विनोद जोशी, शिवनंदन भोसले नारायण आदि का संगठन के वरिष्ठ सदस्यों देवनारायण बिसेन, अर्जुन साहू, विष्णुप्रसाद साहू, चोवाराम, नेहरू बोधनलाल साहू, आईएम कुरैशी द्वारा गुलाल लगाकर बधाई दी गई। सभी सदस्यों के शतायु होने की कामना की। बैठक के अंतिम चरण में जलपान पश्चात सभा मे वरिष्ठ सदस्य एमपी साहू ने समय प्रबंधन पर अपने विचार व्यक्त किए। पश्चात सभी पेंशनरों को पूर्व में की गई कार्यवाही की जानकारी सचिव शिवकुमार साहू द्वारा दी गई तथा पेंशनरों से उसकी समस्याओं को सभापटल पर रखने का अनुरोध किया। बैठक में शासन द्वारा लंबित 4 प्रतिशत मंहगाई राहत के भुगतान के लिए आदेश जारी नहीं करने पर आक्रोश व्यक्त कर तत्काल कार्यवाही की मांग की गई। बैठक के अंत में संगठन मंत्री चमनलाल साहू ने आभार जताया। बैठक में प्रमुख रूप से बोधनलाल साहू, धरनीधर दीवान, रेवाराम साहू, राधेश्याम चंद्राकर, एमपी साहू, जीएस ठाकुर, डीएस साहू, रमेश गुप्ता, टोपसिंह दीवान, एलके साहू, मुरलीधर पटेल, जगमोहन साहू, आईएम कुरैशी, गोकुलदास मानिकपुरी, तिलचंद यादव, निर्मल निषाद, योधराम आदि उपस्थित रहे।



## शहर में आज से दो बार होगी जलापूर्ति

**महासमुंद**। ग्रीष्मकाल में जलसंकट को देखते हुए पालिका द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए शुरू की गई तीन टाइम जलापूर्ति को गुरुवार 4 जुलाई से बंद किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने बताया कि गुरुवार 4 जुलाई से शहरवासियों को पूर्व की तरह सुबह-शाम दो टाइम ही जलापूर्ति की जाएगी।

## शौण्डिक समाज ने सीएम से की मुलाकात



**रायपुर**। विधानसभा रोड स्थित निजी होटल में मंगलवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज की कार्यकारिणी और पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में समाज के प्रदेशाध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने सामाजिक हित में संगठन को मजबूत करने के लिए 16 एजेंडा-विजन डॉक्यूममेंट पर अपनी बात रखी। बैठक में सामाजिक विषयों पर चर्चा के लिए समाज के सभी कार्यकारिणी और पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को शॉल और श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया गया।

# भाजपा पार्षद दल ने नगरीय प्रशासन मंत्री से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में भाजपा पार्षद दल ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान रायपुर नगर निगम को विभिन्न मदों में विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की राशि प्रदान करने के लिए विभागीय मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया और उनसे यह अपेक्षा रखी कि आगे भी राजधानी के विकास में उनका सहयोग मिलता रहेगा। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा है, जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आयी है, समय-समय पर विभिन्न मदों में छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा विकास के लिए राशि प्रदान की गई है। महापौर निधि, अध्यक्ष निधि के साथ पार्षद निधि का पैसा भी रायपुर नगर निगम को मिल गया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ शासन के अन्य नगरीय निकायों को भी यह राशि मिल चुकी है। नगरीय प्रशासन मन्त्री अरुण साव ने नगर निगम में प्री ऑडिट की व्यवस्था को बदलने का निर्णय लिया है। भाजपा पार्षद दल इसका स्वागत करता है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव जी से मिलने गए प्रतिनिधि मंडल में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उप नेता मनोज वर्मा, प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे, जोन अध्यक्ष प्रमोद साहू, विनोद अग्रवाल, सीमा सन्तोष साहू, सरिता वर्मा, सीमा कन्दोई, सुशीला धीवर, चन्द्रपाल धनगर, दीपक जायसवाल, रोहित साहू, विश्वदिनी पाण्डेय, कमलेश्वरी वर्मा, कामिनी पुरषोत्तम देवांगन, गोदावरी साहू, भोलाराम साहू, गोपी साहू सहित भाजपा पार्षद गण उपस्थित रहे।

# विधि विभाग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने सिन्हा संविदा रोकने ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंत्रालयीन कर्मचारी संघ से अलग विधि विभाग के कर्मचारियों ने अपना संगठन बनाया है। इस विभागीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा को बनाया गया है। उप सचिव सिन्हा के साथ कई और पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया है। नए संगठन ने विभाग में सेवानिवृत अफसर को संविदा नियुक्ति देने की प्रक्रिया का विरोध भी शुरू कर दिया और शासन को इस संदर्भ में ज्ञापन भी सौंपा। विभाग के कर्मचारियों को कहना है कि विभागीय कार्यों में दक्षता नहीं रखने वाले और अपने सेवाकाल के दौरान कर्मचारियों के प्रति नकारात्मक और पक्षपात पूर्ण व्यावहार रखने वाले अफसर को संविदा नियुक्ति देने की प्रक्रिया चल रही है, जिसका कर्मचारी विरोध कर रहे हैं। कर्मचारियों ने कहा, उनको संविदा नियुक्ति दिए जाने से शासकीय कार्य प्रभावित होंगे। विभागीय संघ के गठन के संदर्भ में अध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया कि राज्य निर्माण के बाद मंत्रालय कर्मचारी संघ द्वारा विधि विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में ध्यान नहीं दिया जाता। इसलिए विधि विभाग के कर्मचारियों ने अपनी विभागीय समस्याओं के निराकरण के लिए पृथक से विभागीय कर्मचारी संघ का गठन किया है।

**एम्स के अधिष्ठाता का दिल्ली में हुआ सम्मान : रायपुर**। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की राष्ट्रीय इकाई की ओर से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल को रोगियों के उपचार में उल्लेखनीय योगदान के लिए नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। डाक्टर्स डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकम और महासचिव डॉ. अनिलकुमार जे नायक ने प्रो. अग्रवाल को यह सम्मान प्रदान किया। उन्होंने शैक्षणिक प्रक्रिया में नवाचार को अपनाने पर प्रो. अग्रवाल को नए चिकित्सकों के लिए रोल मॉडल बताया। प्रो. अग्रवाल को आईएमए की ओर से 'एमिनेंट डॉक्टर पर्सनेल्टी' अवार्ड प्रदान किया गया। कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) और एम्स के चिकित्सकों ने उन्हें इस प्रमुख उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

# एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पर फेंका गंदा पानी बौराए नेताओं का बवाल, घंटों चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मंगलवार को हुए एनएसयूआई के प्रदर्शन में जमकर हंगामा हुआ। एनएसयूआई छात्र राजधानी में आदिवासी छात्र की हुई हत्या का विरोध करने पहुंचे हुए थे। कालीबाड़ी चौक में नारेबाजी और विरोध-प्रदर्शन के बाद छात्रों ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला जलाया। इसे बुझाने के लिए पुलिसकर्मियों द्वारा पानी डाला गया। पुतला बुझने के बाद पुलिसकर्मियों द्वारा गंदा पानी एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर उड़ेल दिया गया। इसमें जिलाध्यक्ष शांतनु झा सहित कई अन्य कार्यकर्ता भीग गए। इसके बाद एनएसयूआई ने कालीबाड़ी चौक जाम कर दिया। शाम 5 से 6 बजे तक कालीबाड़ी चौक से गुजरने वाले मार्ग का यातायात प्रभावित रहा।

चक्काजाम के बाद पुलिस एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर कोतवाली थाने ले गई। गौरतलब है कि बीते दिनों राजधानी में लोहांडीगुड़ा के छात्र की हत्या कर दी गई थी। इसके विरोध में एनएसयूआई ने पुतला फूंकते हुए सीएम और गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग की। देर शाम हो रही बारिश के बाद भी छात्रों ने भीगते हुए प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान ही प्रदर्शन ने उग्र रूप ले लिया।

# चार कबाड़ दुकानों में छापा, एक टन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के खमतराई क्षेत्र में पुलिस ने चार कबाड़ दुकानों में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान इन दुकानों से लगभग एक टन लोहा-स्क्रैप, राड कबाड़ जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 60 हजार रुपए आंकी गई है। शहर में कबाड़ का अवैध कारोबार लगातार बढ़ रहा है। शहर में ऐसे कई कबाड़ी है, जिनके पास कबाड़ खरीदी का बिल ही नहीं रहता है, इस तरह कबाड़ी कम दाम में बिना बिल के कबाड़ खरीदकर महंगे दाम पर बेचकर जमकर मुनाफा कमाते हैं। यही नहीं, कई कबाड़ी चोरी का कबाड़ भी खरीदी करते हैं। खमतराई क्षेत्र में पुलिस ने अवैध कारोबार को रोकने के लिए छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार कबाड़ दुकानों में छापा मारा, जहां से करीब 1 टन कबाड़ जब्त किया। पुलिस ने जब्ती से पहले चारों दुकान के संचालकों को कबाड़ से संबंधित बिल दस्तावेज मांगे थे, लेकिन उनके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद पुलिस ने अवैध कबाड़ को जब्ती बना लिया।

## खबर संक्षेप



### खल्लारी में हुई कंवर पैकरा समाज की बैठक

**महासमुंद।** कंवर पैकरा समाज की बैठक खल्लारी के राम जानकी भगवान मंदिर परिसर में हुई। इसमें महासभा पदाधिकारियों एवं सर्कल अध्यक्षों के साथ आगामी रथयात्रा बड़े धूमधाम से मनाने पर चर्चा की गई। मंदिर जीर्णोद्धार खल्लारी राम जानकी सीता माता का मूर्ति नव स्थापना, मंदिर को सजाने एवं आगामी रुपरेखा तैयार कर जोर-शोर से सभी मनाने की अपील की गई। यह जानकारी युवा आदिवासी नेता एवं कंवर समाज खल्लारी मीडिया प्रभारी हरीश दीवान ने दी है।

### रक्तदान व निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन



**सरायपाली।** पंकज मेडिकोज एवं मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा सरायपाली के नेतृत्व में कुटेला चौक में विशाल रक्तदान एवं निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष रीना अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर में 35 लोगों ने रक्तदान किया। 120 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। साथ ही एक निःशुल्क कार्निया ऑपरेशन भी किया गया। इस दौरान बिहारी लाल अग्रवाल एवं विष्णु अग्रवाल ने नेत्रदान किया। रक्तदाताओं को मोमेंटो व प्रमाण पत्र दिया गया। सभी का पौधा और पुष्प गुच्छ देकर सबका सम्मान किया गया।

# एनईपी-2020 का उद्देश्य शिक्षा को अधिक समग्र, लचीला, बहु-विषयक और छात्रों व समुदाय की जरूरतों के अनुरूप बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

स्व. जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्रोत वक्ता (मास्टर ट्रेनर) के रूप में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर बृजलाल पटेल ने एनईपी 2020 के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा इस एक-एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के लिए पहले पंजीयन(रजिस्ट्रेशन) कराया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसके साव तथा मास्टर ट्रेनर बृजलाल पटेल द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसके साव द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के बारे में संक्षिप्त रूप से बताए। जिसमें उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)- 2020 भारत के शैक्षिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन का प्रतीक है। 21वीं सदी की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई, एनईपी का उद्देश्य शिक्षा को अधिक समग्र, लचीला, बहु-विषयक और छात्रों और



समुदाय की ज़रूरतों के अनुरूप बनाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य एक ऐसी शिक्षा प्रणाली की कल्पना करना है, जो सभी को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान कर भारत को एक समतापूर्ण और जीवंत ज्ञान समाज में बदलने में सीधे योगदान दें। इस प्रकार भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाए।

मास्टर ट्रेनर बृज लाल पटेल ने कार्यशाला के पहले सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन के लिए पाठ्यचर्या की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक समझाते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कला और विज्ञान, पाठ्यक्रम और पाठ्येत्तर गतिविधियों तथा व्यावसायिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों के बीच औपचारिक भेद को समाप्त करता है। छात्र विभिन्न विषयों में से चुन सकते हैं। स्नातक की डिग्री तीन या चार साल की होगी और इसमें कई विकल्प होंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मुख्य उद्देश्य भारत में प्रदान की जाने वाली शिक्षा को वैश्विक स्तर पर लाना है। जिससे कि भारत एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बन सके। नई शिक्षा नीति में सभी बाधाओं को दूर करने और उच्च शिक्षा में छात्रों की भागीदारी बढ़ाने के लिए ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा पर बहुत अधिक ध्यान दिया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं को विस्तार पूर्वक बताए। अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने मास्टर ट्रेनर से सवाल किए, जिनका मास्टर ट्रेनर बृजलाल पटेल ने संतुष्टिकरण पूर्ण जवाब दिया।

एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे सत्र में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनछुए पहलुओं को भी विस्तार पूर्वक बताया तथा अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा विभिन्न प्रश्नों को पूछा गया, जिनका जवाब मास्टर ट्रेनर ने अपने अनुभव के आधार पर संतुष्टि पूर्ण एवं विस्तारपूर्वक बताया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन बसना महाविद्यालय के समन्वयक एनईपी प्रकोष्ठ एनके प्रधान ने किया।

# रामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम रवाना हुए तीर्थयात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत महासमुंद से अयोध्या के लिए तीर्थ यात्री भगवान रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विधायक कार्यालय परिसर में यात्रियों को तिलक लगाकर रवाना किया।

योगेश्वर राजू सिंहा ने कहा कि 500 वर्षों से देश के लोगों को राम मंदिर बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। इसके बाद रामलला अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में विराजमान हुए। मंदिर बनने के बाद रामलला के दर्शन करने के लिए इच्छुक राज्य के श्रद्धालुओं को रामलला दर्शन योजना का लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ के लोगों को अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर के दर्शन कराने की मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कदम उठाया है।

इस योजना के तहत प्रत्येक विकासखंड के तीर्थयात्री लाभान्वित हुए हैं। सालों प्रतीक्षा करने के बाद यह अवसर आया है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को रामलला का दर्शन लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। आगे भी इस योजना के तहत राज्य के लोग निरंतर अयोध्या धाम का दर्शन करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेतागण पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, चंद्रहास चंद्राकर, रमेश साहू, निरंजना शर्मा, प्रकाश शर्मा, प्रदीप चंद्राकर, पवन पटेल, मीना वर्मा, झनक लाल साहू, बंटी शर्मा, पप्पू ठाकुर उपस्थित रहे।

# दृष्टिबाधित दिव्यांग काशीराम के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद अंतर्गत ग्राम मामाभांचा के शत प्रतिशत दृष्टिबाधित दिव्यांग कांशीराम कमार सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए अपनी जीविकोपार्जन चलाते थे। संगीत को एक आजीविका का आधार मानते हुए वे ऑर्गन बजाने में पारंगत हो गए। लेकिन, उनके पास खुद का ऑर्गन नहीं होने से उनके मन में निराशा छाई रहती थी। उन्होंने अपनी समस्या आवेदन के माध्यम से कलेक्टर प्रभात मलिक को प्रस्तुत



किया। उनकी जरूरत और लगन को देखते हुए कलेक्टर ने तत्परता से समाज कल्याण विभाग को यंत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विभाग द्वारा तत्काल पहल करते हुए दो जुलाई को ही कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा कांशीराम को ऑर्गन प्रदान किया गया। यह उपकरण कांशीराम की आजीविका के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण होगा। आभार से अभिभूत कांशीराम ने जिला प्रशासन को तहेदिल से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विजय सिन्हा सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

## अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत पढ़ाई तिहार कार्यक्रम हुआ

**सरायपाली।** शासकीय प्राथमिक शाला सिरशोभा में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत पढ़ाई तिहार का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शाला प्रबंधन समिति



के अध्यक्ष सरस्वती चौहान एवं माताओं ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र की पूजा अर्चना तिलक, चंदन, धूप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सभी माताओं का स्वागत बच्चों ने तिलक लगाकर पैर छूकर किया। तत्पश्चात प्रधान पाठक दुर्वादल दीप ने सभी माताओं का स्वागत करते हुए अंगना म शिक्षा पढ़ाई तिहार का महत्व बताते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी माताओं को घर के वातावरण परिवेश में मिलने वाले वस्तुओं से बच्चों को पढ़ाने की आवश्यकता है। काउंटर 1 से 9 तक के गतिविधियों पर चर्चा की गई। जिसमें सपोर्ट कार्ड वितरण, संकलन प्रपत्र भरना, संतुलन बनाकर चलना, कूदना, पेपर फोल्डिंग, मिलान करना, रंग भरना, वर्गीकरण, क्रम से लगाना चित्र वाचन, पढ़ना, आकार पहचान, जोड़ना, घटाना शारीरिक विकास, भाषा विकास, सामाजिक व भावनात्मक विकास पर विचार व्यक्त किए। माताओं ने भी गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लिया। माताओं ने भी घर में बच्चों को घरेलू सामग्री का उपयोग करते हुए गतिविधि के साथ पढ़ाने के लिए संकल्प लिया। राष्ट्रगान के साथ समापन किया गया।

## बंसुला स्कूल में वैदिक विधि से मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला बंसुला में संयुक्त रूप से प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ के संयोजक एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठक देवचंद नायक उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं गायत्री माता की पूजन कर वैदिक विधि से मंत्र उच्चारण के साथ बच्चों का प्रवेश उत्सव मनाया। पश्चात अतिथियों द्वारा नव प्रवेशी बच्चों का तिलक एवं कलावा बांधकर स्वागत किया गया और साथ में गणेश एवं पुस्तक वितरण





किया गया। जिसमें कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं के बच्चे उपस्थित थे। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधी जन्मजय साव, शौकीलाल बारिक, संकुल समन्वयक गोवर्धन डडसेना, समिति के पदाधिकारी तथा अनेक पालक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधान पाठक दिनेश डडसेना, प्रधान पाठक प्रवीर कुमार बेहेरा, राजेश भोई, राजेश साव, सुजाता प्रधान, अनिता साहू, सीता साहू, पुष्पांजलि, चमेली सागर का योगदान रहा।

# सक्रिय युवा संगठन ने किया छात्र-छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- नांदगांव प्राथमिक शाला में प्रतिभा सम्मान समारोह

नांदगांव के सक्रिय युवा संगठन ने बुधवार को प्राथमिक शाला नांदगांव में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर सत्र 2023-24 में कक्षा 1 से लेकर 5 तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं का पेन, कॉपी, पहाड़ा देकर सम्मान के साथ शाला के शिक्षकों को भी श्रीफल



और पेन देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख शीला चंद्राकर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए युवा संगठन का आभार जताया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। साथ ही छात्र-छात्राओं की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर शाला शिक्षक कमलेश कुमार पटेल, पोखन चंद्राकर, अजय बंजारे, लक्ष्मी साहू, युवा वर्ग के मनीष जांगड़े, पप्पू पटेल, आशीष, मौर्य, ठाकुर राम धीवर, पालकगण सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। मंच संचालन हामिद टंडन एवं आभार प्रदर्शन अजय बंजारे ने किया।

## विशाल वृक्ष को जड़ सहित उखाड़ा गया, कभी भी हो सकता है जन-धन का नुकसान

**सरायपाली।** नगर के मुख्य मार्ग पर वर्षो पुराने पीपल का पेड़ पूरी तरह से जर्जर



हो चुके पेड़ को गौरव पथ निर्माण एजेंसी द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए जड़ सहित पेड़ को उखाड़ दिया गया। यह पेड़ काफी वर्षो पुराना होने के साथ साथ एक तरफ झुक चुका था। यह विशाल वृक्ष कभी भी अचानक गिर सकता था। जिससे काफी जन-धन नुकसान होने की संभावना बनी हुई थी। वहीं यह यातायात को भी प्रभावित कर रहा था। वर्तमान में अभी गौरव पथ के निर्माण चल रहा है। हालांकि, पथ निर्माण के दौरान इस पेड़ की कटाई होनी थी। वर्षो पुराने इस पेड़ के तनों व जड़ों में दीमक लग जाने से यह काफी कमजोर हो गया था व एक तरफ झुक गया था। पेड़ के नीचे व जड़ में हमेशा अनेको वाहने खड़ी रहती है। उस पेड़ के नीचे समीप ही गौरव पथ का निर्माण हो रहा है व इस पेड़ के नीचे व सड़क से ही लोगों का आवागमन हो रहा है। भीड़ भाड़ वाली जगह हुए से कभी भी कोई गंभीर घटना घट सकती थी।

# शिशु संस्कार केंद्र में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शिशु संस्कार केंद्र में 2 जुलाई को शाला प्रवेशोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राशि महिलांग प्रथम नागरिक महासमुंद एवं विशेष अतिथि कौशल शुक्ला प्राचार्य डीएमएस स्कूल (नोडल-शिशु संस्कार केंद्र) उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। शाला में नवप्रवेशी व निर्धन बच्चों एवं उनके पालकों को तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया गया। बच्चों को निःशुल्क गणवेश व पाठ्य पुस्तक, लेखन सामग्री वितरित किए गए।





इस अवसर पर मुख्य अतिथि राशि महिलांग ने बच्चों के पालकों से अपने बच्चों के प्रति सजग व जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने शाला स्टाफ को बच्चों को संस्कारवान बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, प्रबंधक मनोहर महंती, कोषाध्यक्ष अरूण जोशी, कार्यकारिणी सदस्य मनोहर पींचा, प्राचार्य नैना श्रीवास्तव, सुनीता वानी, भावना गांधी, शाला अभिभावक समिति के सदस्यगण शेषनारायण नामदेव, महेंद्र बंसोड, निखिल साहू, श्रीकांत महंती, जितेंद्र महंती उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा सोनी ने किया। कार्यक्रम में तारा कोचर, किरण निषाद व समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# स्कूलों में किया गया पढ़ाई तिहार का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छग शासन के निर्देशनुसार विकासखंड बसना में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ललित देवता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बसना जेआर डहरिया एवं ब्लॉक नोडल मीना सहारे एवं संतोषी साहू के मार्गदर्शन में बसना ब्लॉक के समस्त स्कूलों में मेला तिहार कार्यक्रम हुआ।

स्कूली बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए विगत चार वर्षो से यह कार्यक्रम पूरे प्रदेशभर में मनाया जा रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी पढ़ाई तिहार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार 2 जुलाई को किया गया। नोडल मीना सहारे ने बताया कि बसना विकासखंड में कुल 30 संकुल हैं, जिनके सभी प्रभारियों एवं संकुल समन्वयकों द्वारा कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफलता दिलाने में अहम भूमिका रही। सभी शालाओं में पढ़ाई तिहार का आयोजन कर कार्यक्रम में शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया गया और बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। क्योंकि, यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से माताओं पर आधारित है और माताएं अपने बच्चों को घर में ही खेल- खेल में बच्चों को किस प्रकार से सिखा सकतीं हैं। मेला तिहार के अंतर्गत नौ काउंटरों में गतिविधि के आधार से बताया गया। मेला तिहार के प्रति उत्सुकता और सफलतापूर्वक शानदार आयोजन को देखकर विकासखंड बसना के सभी अधिकारियों ने ब्लॉक के समस्त प्राथमिक शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# उद्योग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़, नए उद्यमी की हरसंभव मदद करने के बजाय भू-निरस्तीकरण का आदेश भेज रही है सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**आप ने बताया सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग के प्रति सरकार की उदासीनता को छत्तीसगढ़ की अर्थवयवस्था की बदहाली का सबसे बड़ा कारण**

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्रकर ने छग सरकार एवं सीएसआईडीजी को उद्योग विरोधी बताया। उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लेते कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग यानी (एमएसएमई) को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। समय-समय पर दुनियाभर में विपरीत स्थिति के दौर में भी भारत में स्थितियां नियंत्रण में रही। देश गंभीर आर्थिक संकट में नहीं घिरा, इसका कारण सूक्ष्म, लघु, और मध्यम उद्योग रहे है। देश को हमेशा गंभीर आर्थिक संकट से बचाने वाला सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग आज खुद संकट में है। और सरकार उचित कदम उठाने के बजाय उनकी बदहाली का कारण बन रही है।



सरकार ने 2023 में संसद में यह जानकारी दीं कि बीते तीन सालों के दौरान करीब बीस हज़ार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग या तो बंद हो गए है या उनका काम बंद हो गया है अकेले अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक 13 हजार 290 एमएसएमई बंद हो गए। एक साल में इतने बड़े पैमाने पर छोटी औद्योगिक इकाइयों का बंद होना बहुत बड़ी चिंता का विषय है। छत्तीसगढ़ ऐसे गिने चुने राज्य में आता है, जहां उद्योग की अपार संभावना है। खनिज संपदा से भरा, पावर हब एवं उद्योग के लिए अवश्य सभी मानक पर खरा उतरता है। हमारा छत्तीसगढ़ इसके बावजूद आवश्यक कदम उठाने की बजाए इस विपरीत स्थिति में छत्तीसगढ़ में जो उद्यमी उद्योग उत्पादन चालू करने के लिए संघर्ष कर रहे है उन्हें छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत आने वाली छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमि. (सीएसआईडीसी) के अधिकारी भू-निरस्तीकरण का आदेश भेज रहे है। उनकी मदद करना तो दूर उनको मानसिक प्रताड़ना दे रहे है। नोटबंदी, कोरोना महामारी की आर्थिक और मानसिक मार के बावजूद अपनी हिम्मत जुटकर आवंटित भूखंड में अपनी खून पसीने की कमाई का पैसा लगाकर अपने उद्योग का लगभग 30-90% तक का काम पूरा कर उत्पादन चालू करने या जल्द चालू करने की स्थिति में पहुंच चुके अनुभवहिन उद्यमी का भविष्य एवं निवेश अंधकार में पहुंच गया है। रोज़गार देने वाले खुद बहुत ज्यादा आर्थिक और मानसिक पीड़ा से गुजर रहे है और यह भी प्रमाणित करता है कि सरकार की अवहेलना इतने भारी संख्या में औद्योगिक इकाई के बंद होने का बड़ा कारण है।

## खबर संक्षेप



### गांव में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि ग्राम पंचायत खरोरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें गांव मुक्त रखने का संकल्प लिया गया और गांव की साफ सफाई की गई। शहीद स्मारक के आसपास जगह की साफ सफाई की गई।



### सेवानिवृत्ति के बाद घर पहुंचे नायब सूबेदार

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी निवासी केशव तिवारी पिता स्व उमाशंकर तिवारी भारतीय सेना में नायब सूबेदार के पद पर 22 साल की सेवा अवधि पूरा कर रिटायरमेंट प्राप्त कर अपने मूल गांव बिरकोनी पहुंचे। जहां उन्होंने भारतीय सेना में बिताए हुए पल को याद करते हुए बताया कि सेना त्याग, समर्पण, देशप्रेम और सेवा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने अपने माता-पिता व गुरुजनों को भी याद किया है। ग्रामवासियों में बहुत ही हर्ष और उल्लास का माहौल है।



### बिरकोनी में उत्साह के साथ मनाया पढ़ाई तिहार

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी शासकीय प्राथमिक शाला में पढ़ाई तिहार मनाया। जिसमें ग्राम के माताओं व बच्चों के द्वारा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां की गई। कार्यक्रम के पूर्व नियोजित होने के कारण माता के द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजनि साहू, त्रिपदा साहू, प्रीति पटेल, उमा साहू, भुवनेश्वरी ढीढी, रानी, रेखा, पुष्पा साहू, मोनिका, धनेश्वरी यादव की सहभागिता रही। कार्यक्रम में प्रधान पाठक देवचरण साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम को स्टॉफ के धनेश्वरी प्रजापति, मुकेश कुमार प्रजापति, मेघा ध्रुव, संगीता साहू का विशेष सहयोग रहा।

### पौधारोपण अभियान चलाएगी संगम सेवा समिति

**सरायपाली।** संगम सेवा समिति द्वारा सेवा कार्य की कड़ी में विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम नगर क्षेत्र में किया जाना है। कार्यक्रम मोदी के एक पेड़ मां के नाम से प्रेरित है, जिसकी टैग लाइन एक घर एक वृक्ष है। जिसके तहत के समस्त वार्डों के प्रत्येक घर में एक पौधे का वितरण किया जाना है। समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल ने बताया कि हमारा उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है एवं नई पीढ़ी को युवाओ को पर्यावरण के महत्व को समझा कर वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना है। संगम सेवा समिति द्वारा यह कार्य एक अभियान के रूप में किया जाएगा।

## राहत : कलेक्टर की पहल पर कर्मचारियों को हुआ स्वत्वों का भुगतान

# सेवानिवृत्त होते ही पेंशन अदायगी का आदेश हाथों में, जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- सेवानिवृत्ति के पश्चात पेंशन प्रकरण निराकरण से कर्मचारी हुए भावुक

सेवानिवृत्ति के तत्काल बाद कर्मचारियों के खातों में पेंशन प्रकरण के तहत पेंशन अदायगी आदेश (पीपीओ) सहित सेवानिवृत्ति सह उपादान (जीपीओ) आदि के निराकरण से कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है और इसे जिला प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता के साथ किया गया पहल बताया है। गत 30 जून को जिले के 6 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिन्हें समय सीमा की बैठक में पेंशन प्रकरण से संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर प्रभात मलिक ने फूल-माला, शॉल, फल से स्वागत किया और स्वस्थ, खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शासकीय सेवक अपने जीवन के आधे से ज्यादा समय शासकीय सेवा में समर्पित रहते हैं। सेवानिवृत्ति के पश्चात यदि उन्हें समय पर पेंशन का भुगतान न हो तो पेंशनधारियों को बिना कारण के भटकना पड़ता है। यह अच्छी स्थिति नहीं होती। इसे ध्यान में रखते में हुए सेवानिवृत्ति के तत्काल पश्चात पेंशन प्रकरण देने का प्रयास किया गया है।




उल्लेखनीय है कि जिले के शिक्षा विभाग से यादराम साहू प्रधान पाठक, कुंदन लाल औसर प्रधान पाठक, गोविंद प्रसाद, मालती चंद्राकर उच्च श्रेणी शिक्षक, आदिम जाति विकास विभाग से नामित कुमार साहू सहायक ग्रेड 03, पुलिस विभाग से पुकराम बारले सहायक उपनिरीक्षक 30 जून को सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के पश्चात इन्हें पीपीओ, जीपीओ और गणना पत्रक प्रदान किया गया। इस अवसर पर कुंदन लाल औसर प्रधान पाठक ने कहा कि 39 वर्ष 4 माह शासकीय सेवा में अपने जीवन के यादगार समय व्यतीत करने के पश्चात हम सेवानिवृत्त हुए हैं। अपने जीवनकाल में पेंशन प्रकरण का इतनी शीघ्रता से निराकरण होते नहीं देखा। उन्होंने कलेक्टर प्रभात मलिक का धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील सोच के कारण हमें दो दिन के भीतर पेंशन प्रकरण प्राप्त हो गया। इसी तरह 42 वर्ष और 5 माह सेवा देने के पश्चात यादराम साहू प्रधान पाठक ने भी अतिशीघ्र पेंशन प्रकरण समाधान से बेहद खुश नजर आए। उच्च शिक्षिका मालती चंद्राकर ने कहा कि यह हमारे लिए सम्मान और गौरव का पल है कि कलेक्टर के हाथों सत्वों का भुगतान संबंधी प्रमाण पत्र दिया गया। यह पहली बार हो रहा है। शिक्षक गोविंद प्रसाद साहू के परिजन भी काफी खुश नजर आए। उन्हेंने कहा कि सामान्यतः सेवानिवृत्ति के पश्चात 3 माह से 6 माह की अवधि के पश्चात ही प्रकरण तैयार हो पाता है और कार्यालयों में भटकना पड़ता है। लेकिन, कलेक्टर मलिक के सोच के कारण हमारे प्रकरणों का निपटारा हो पाया। इसी तरह अन्य कर्मचारियों ने भी प्रसन्नता जाहिर की। जिला कोषालय अधिकारी संजय चौधरी ने बताया कि विभागों द्वारा सेवानिवृत्त प्रकरण को संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर भेजा जाता है। तीन माह पूर्व ही प्रकरण तैयार कर प्रक्रिया प्रारंभ किया जाता है।

## उद्यान में धराशायी हुए वृक्ष के स्थान पर नपाध्यक्ष ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

एक ओर लोग अपनी जरूरतों के लिए हरे-भरे पेड़ों की कटाई कर रहे है। वही दूसरी ओर महासमुंद नगर पालिका की अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग द्वारा पर्यावरण सरंक्षण को ध्यान में रखते हुए मृत वृक्षों के स्थान पर नए पौधे रोपित किए गए। गत दिनों शहर के बीटीआई मार्ग स्थित गुरु गोविंद सिंह उद्यान में बारिश और तूफान से एक विशालकाय वृक्ष धराशायी हो गया। उक्त धराशायी पेड़ के स्थान पर नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने मंगलवार को नया पौधा रोपित किया। महिलांग के नेतृत्व में पालिका के पार्षदगण और अन्य ने उक्त वृक्ष के स्थान पर उक्त उद्यान में सघन पौधरोपण किया। महिलांग ने कहा जिस हिसाब से ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है उसे देखते हुए हमारी आने वाली पीढ़ी को और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इससे बचने के लिए केवल एक ही उपाय है पौधरोपण करना और रोपित पौधों के वृक्ष बनने तक पूरी तरह से देखभाल करना। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ पार्षद मीना वर्मा, पूर्व पार्षद कपिल साहू, नपाध्यक्ष सहयोगी नीरज परोहा, युवा नेता अरिश अनवर और पालिका के जल शाखा प्रभारी सीताराम चेलक मौजूद रहें।



### सुभाष नगर में रोपे गए पौधे

**महासमुंद।** सुभाष नगर शक्ति केंद्र में मोदी के मन की बात सुनने के मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत सुभाष नगर, सरस्वती राइस मिल के पीछे स्थित तालाब में पीपल पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र प्रभारी लाल विजय सिंग, पवन पटेल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षद, प्रकाश शर्मा शहर मंडल अध्यक्ष, महामंत्री आकाश पांडे, कुशाल साहू आदि मौजूद रहे।

## सौम्य व संजीता को शतरंज में मिली अंतरराष्ट्रीय वरीयता

### सौम्य को 1618 व संजीता को 1461 की इंटरनेशनल रेटिंग की हुई प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के मार्गदर्शन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के विशेष सहयोग से महासमुंद जिला शतरंज संघ द्वारा गत माह पिथौरा में छत्तीसगढ़ राज्य चयन सीनियर महिला-पुरुष राज्य चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया था। इस स्पर्धा को अंतरराष्ट्रीय मान्यता विश्व शतरंज महासंघ ने प्रदान की थी। जिसमें प्रदेश से 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। स्पर्धा में महासमुंद के सौम्य साहू व संजीता साहू ने भी हिस्सा लिया था। दोनों ही खिलाड़ियों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंटरनेशनल फीडे रेटिंग पाने में अद्भुत कामयाबी हासिल की है। सौम्य को 1618 व संजीता को 1461 की इंटरनेशनल रेटिंग की प्राप्ति हुई है।





छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि सौम्य व संजीता की पकड़ शतरंज के साथ-साथ पढ़ाई में भी जबरदस्त पकड़ है। केंद्रीय विद्यालय में कक्षा दसवीं में अध्यनरत सौम्य जहां अपने क्लास के टॉपर हैं। वहीं पिथौरा कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा संजीता साहू भी गत वर्ष बारहवीं की परीक्षा मेरिट से उत्तीर्ण की थी। इन दोनों शतरंज खिलाड़ियों की शानदार सफलता के लिए जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉ डीएन साहू, उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष बीजू पटनायक ने हर्ष जताया है।

## सिरपुर शाला परिसर में हुआ एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

शासकीय उच्च प्राथमिक व प्राथमिक शाला सिरपुर के प्रागण में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुमारी धनेश्वर भास्कर जनपद पंचायत के नेतृत्व में एक पौधा मां के नाम मां के साथ या मां के स्मरण में पौधा रोपण किया गया।

जनपद पंचायत की अध्यक्ष कुमारी भास्कर ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि वृक्ष हैं तो कल है, वृक्ष हैं तो जल हैं। जल ही जीवन हैं, वन हैं तो जीवन हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर देश व्यापी व विश्व व्यापी आव्हान कर भारत सहित सारे संसार, समूचे दुनिया को मां के नाम पर एक पौधा रोपण का आग्रह किया। जिसके परिपालन में शाप्राशा सिरपुर तथा उच्च प्राथमिक शाला सिरपुर के प्रांगण में जामुन, करौंदा, कटहल, आंवला, बेल, निंबू, आम आदि फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। शाला परिसर में अतिथियों के आगमन पर विद्यार्थियों एवं शाला परिवार द्वारा अभिनंदन किया गया।



विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सतीश स्वरूप पटेल ने पौधा रोपण पश्चात वृक्ष बनते तक पौधों की देखभाल एवं सुरक्षा की विशेष जरुरत बताई। कार्यक्रम में धनेश्वर भास्कर, शारदा नरेश तिवारी, उपेंद्र साहू, सिमरन सलूजा, केशव साहू, प्रमोद भोई, सूरज नायक, पिंटू साहू, दयानिधि जाल, पवित्र कुमार सिदार, धरणीधर पटेल, देवानंद पटेल, राजाराम पटेल, गिरिजा नंद पटेल, सुंदर सिंह कश्यप, पंचानन साहू, हेमलता निराला, अजीत भोई एवं तोषराम यादव का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश प्रवक्ता एवं शाप्राशा सिरपुर के प्रधान पाठक राजा राम पटेल ने किया।

## कृषक विद्यालय में मनाया शाला प्रवेश उत्सव, मीठा खिलाकर किया स्वागत

**सरायपाली।** फुलझर सेवा समिति द्वारा संचालित कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवं छात्रों द्वारा वंदना कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। विद्यालय प्रांगण में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा फुलझर सेवा समिति के संस्थापक पंडित जयदेव सतपथी की प्रतिमा में शाला विकास समिति के अध्यक्ष कृपा सिंधु पटेल, सदस्य परीक्षित पटेल, शिवचरण चौधरी, पालक विजय कुमार साहू, प्राचार्य साखीराम पटेल, शिक्षकगण पुष्पा नायक, सोमेश्वर प्रसाद नायक, सुशील सतपथी, सुनीता नायक, सीके पटेल, एलएम पटेल, जेजे पटेल, जीएस पटेल, रितेश पटेल, सहायक ग्रेड 3 सेत कुमार यादव, कर्मचारी अनंत राम पटेल, किशन बाघ, वेद प्रकाश नायक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्पअर्पित किया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं मीठा खिलाकर स्वागत किया तथा पुस्तक, कलम भेंट किया गया।



## शिक्षा अधिकारियों ने किया कुहरी स्कूल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

संभागीय संयुक्त संचालक राकेश पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत एवं संयुक्त संचालक सतीश नायर द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला कुहरी का औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही बच्चों के मध्य बैठकर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति आहार योजना अंतर्गत मध्यान भोजन भी ग्रहण किया। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को लेकर उक्त अधिकारियों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। साथ ही विद्यालय में बच्चों द्वारा गुल्लक के माध्यम से जमा किए जाने वाले पैसे की सराहना भी की, उन्होंने बचत जैसे अच्छी आदतों के प्रोत्साहन के लिए विद्यालय में इस प्रकार के संकल्पना को लाभप्रद बताया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा बच्चों का स्तर मूल्यांकन भी किया गया, पर्यावरण संरक्षण के लिए बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने का संदेश भी दिया गया। उपरोक्त जानकारी संकुल समन्वयक नीरज साहू ने दी।

## संसद में आपत्तिजनक टिप्पणी, भाजपाइयों ने राहुल का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

लोकसभा सदन में हिंदुओं के ऊपर राहुल गांधी द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी करने के विरोध में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने बागबाहरा रेल्वे स्टेशन चौक पर राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा अल्का चंद्राकर ने कहा कि देश के बहुसंख्यक वर्ग हिंदुओं को हिंसक कहना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोकसभा जैसे सदन में इस तरीके से हिंदुओं पर टिप्पणी करना कांग्रेस के हिंदू विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष जसराज चंद्राकर



बाला ने राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं पर किए आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की है तथा राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी से हिंदुओं से माफी मांगने की मांग की है। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू ने कहा कि लगातार कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा बार बार हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया जाता रहा है, जो निंदनीय है।

### यह रहे विरोध प्रदर्शन में मौजूद

भाजयुमो के विरोध प्रदर्शन में वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश चंद्राकर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष आबिद खान, जिला मंत्री शंकर तांडी, संजय माल्वे, महामंत्री हरमीत सिंह, भाजयुमो कोषाध्यक्ष नरेंद्र बग्गा, महेंद्र गुप्ता, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नारायण तांडी, मोगेश चंद्राकर, नंदु सोनी, मोती पुजारा, सिकंदर सोनवानी, नानू सलूजा, बृजेश गुप्ता, भीखम ठाकुर, डॉली ध्रुव, पिंकी चंद्राकर, योगेश चिंदा, राजा देवांगन, नितेश पांडे, नीरज मानिकपुरी, अशोक ध्रुव, दुर्गा वस्त्रकार, राजेश बगानी, अजीत तांडी, केशव निषाद, डेविड साहू, देवानंद शर्मा, अंशु पांडे आदि उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एक दिवसीय कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

उच्च शिक्षा विभाग उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय नीति 2020 के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में मास्टर ट्रेनर बृजलाल पटेल प्रभारी प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय पिरदा, अध्यक्षता प्राचार्य पीके भोई एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में छात्र संघ प्रभारी डॉ. संध्या भोई, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संयोजक मेघनाथ सिदार एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयोजक खीरसागर पटेल मंचासीन थे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रकोष्ठ के संयोजक मेघनाथ सिदार ने भारत सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधान एवं परिपालन में किए जाने वाले पाठ्यक्रम एवं विषय वस्तु के बारे में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई ने पूर्व के शिक्षा नीति और वर्तमान राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में तुलनात्मक अध्ययन कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को वर्तमान समान समय में उपयोगी समावेशी मूल्य परक एवं रोजगारोन्मुखी बातों का उल्लेख करते हुए इसकी प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर बृजलाल पटेल ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से लागू किए जाने वाले पाठ्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया।




उन्होंने कहा प्रकृति परिवर्तन प्रकृति का नियम है। अतः समय के अनुसार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर शिक्षा नीति पर भी बदलाव किया जाता है। पुरानी शिक्षा पद्धति छात्रों के एक प्रक्रिया विकास पर जोर देता था। जबकि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों के कौशल विकास आलोचनाओं की समझ मूल्य परक आने वाले समय के लिए है। जिसमें प्रवेश से संबंधित एवं एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट एवं सेमेस्टर वैल्यू ऐडेड कोर्स की जानकारी दी गई। इसके उपरांत द्वितीय पाली में मूल्यांकन विद्यार्थियों के कौशलों गुणवत्ता एवं सतत विकास की महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में 34 वर्ष के उपरांत बदलाव की गई है और इसकी शुरुआत हो चुकी है। इसके पहले इसके पहले 1986 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया गया था। उसके पश्चात 1992 में कुछ प्रावधानों में इसका संशोधन किया गया। 21वीं सदी में भारत को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने के दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक महत्वपूर्ण आधार स्थापित होगा, जो विद्यार्थियों के प्रतिभा और कौशल विकास को एक नया गति प्रदान करेगा। उन्होंने सेमेस्टर सिस्टम के माध्यम से लागू किए जाने वाले सेमेस्टर परीक्षा के अंतर्गत स्नातक भाग 1 की कला वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के बारे में जानकारी प्रदान किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यशाला में संचालन प्राची गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन राजकिशोर पटेल ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सदस्य शब्या पटेल, महाविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



### रेमड़ा हाईस्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**बसना।** हाईस्कूल रेमड़ा के सभागृह में बुधवार को कक्षा पहली, छठवीं और नवमी ले बच्चों का प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों का द्वारा सरस्वती पूजन पश्चात बच्चों को गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। अतिथियों और विद्यालय प्रमुखों ने सभी बच्चों को पुस्तक और गणवेश वितरण किया। अंत में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम को लेकर बच्चे उत्साहित थे। प्राचार्य विरेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि शिक्षा हमारे भविष्य की नींव है, जिसे हमें मजबूती से निर्माण करना चाहिए। कार्यक्रम में उसत पटेल, राजेश प्रधान प्रधानपाठक, सुभाष धराई प्रधानपाठक अशोक कुमार साहू, आशा शर्मा, खगेश्वर पंडा, रामरतन भोई, पल्लवी शर्मा, रोशनी प्रधान, शिक्षिका नेताम, दाऊ और महिलाएं थीं। कार्यक्रम का संचालन हेमसिंग सिदार ने किया।